भारतीय मानक ब्यूरो
जम्मू एवं कश्मीर शाखा कार्यालय, जम्मू
ज्वैलर्स हॉलमार्किंग एवं रेजिस्ट्रेशन कैंप कार्यक्रम का आयोजन जानीपुर, जम्मू में किया गया।
दिनांक: 28-10-2021

भारतीय मानक ब्यूरो जम्मू एवं कश्मीर शाखा कार्यालय द्वारा, शिव मंदिर जानीपुर सरकारी आवास के पास जम्मू में दिनांक 28 अक्टूबर 2021 बुधवार को ज्वैलर्स हॉलमार्किंग एवं रेजिस्ट्रेशन कैंप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 28 से अधिक ज्वैलर्स ने हिस्सा लिया। बीआईएस के पदाधिकारी ने सभी ज्वैलर्स को हॉलमार्किंग और एचयूआईडी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस कैम्प में ज्वैलर्स के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी किये गए और सभी ज्वेलर्स को रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। ज्वैलर्स को स्वर्ण आभूषण और स्वर्ण शिल्पकृति आदेश, 2021 के नए संशोधनों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में उत्तरी क्षेत्र का बीआईएस हेल्पलाइन नंबर 7669089325 भी साझा किया गया। बीआईएस के अधिकारियों द्वारा सक्रिय भागीदारी के लिए सभी ज्वैलर्स को धन्यवाद के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



